# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप

### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** प्रथमिक शाला औरी के शिक्षक प्रवीण चंद्राकर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी, भजिया, जलेबी, चॉकलेट, चावल, दाल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर विमला साहू, पार्वती साहू, तनु सेन, फतनलाल देवांगन, आशीष साहू, प्रवीण चंद्राकर उपस्थित थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**डोंगरगढ़।** गुरुकृपा वेलनेस सेंटर में 16 नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विभिन्न दर्द, विकार एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का न्यूरोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, पंचकर्म, कपिंग थेरेपीऔर काइरो प्रैक्टिक जैसी उपचार पद्धतियों से रोगियों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में जोड़, घुटना, कमर दर्द, पार्किंसन्स, साइटिका, स्पान्डिलाइटिस सर्वाइकल, माइग्रेन, गैस, कब्ज, मधुमेह, गठिया, सूजन, मोटापा, मांसपेशियों की विकृतियाँ डिप्रेशन, चक्कर आना, एसिडिटी आदि का निवारण होगा।

### अधिकारी की उदासीनता से व्यवस्था बिगड़ी

**डोंगरगढ़।** शहर की सफाई और पेयजल व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहीहै। नगर पालिका अधिकारी समस्या की सुध लेना तो दूर शहर की व्यवस्था को देखने तक नहीं निकलते। ठंड के दिनों में भी शहर के कुछ वार्डो में पानी की समस्या बनी है जबकि पहले मांग के अनुरूप निरस्तारी पानी की व्यवस्था हो जाती थी। जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं के निराकरण का प्रयास तो किया जा रहा है किंतु अधिकारी की कार्यप्रणाली नकारात्मक दिखाई दे रही है। शहर की सफाई व्यवस्था भी चौपट हो चुकी है। पालिका में लगभग 50 कर्मचारी है किन्तु 20 कर्मचारी के भरोसे कार्यों का संपादन किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 15 कर्मचारी काम कर रहे है जबकि वर्तमान में 60 लोगों की आवश्यकता है। निर्धारित समय पर वार्डों एवं मार्गो की सफाई नहीं हो रही है।

### मुक्तिबोध पर साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन

**डोंगरगढ़। नेहरू** महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में हिन्दी विभाग ने मुक्तिबोध जयंती के अवसरपर मुक्तिबोध का साहित्यिक अवदान पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। शुभारंभ के बाद नीशा वर्मा एवं काजल वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने मुक्तिबोध के साहित्यक योगदान पर प्रकाश डाला। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने कहा कि यथार्थ को अभिव्यक्त करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम साहित्य है। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ नीता राजपूत ने मुक्तिबोध के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नीलम वर्मा, काजल वर्मा, मोरध्वज, सुभाष साहू, गीतांजली, आरती सलामे, आकाश वर्मा, दीपककुमार, पूर्णिमा साहू, मधु पटेल, मुस्कान, मानसी हरदेल, भूमिका साहू, सीमा कंवर, एवं संजना उपस्थित थे। संचालन डॉ. नीता राजपूत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. येशु क्रीति हजारे ने किया गया।

### नारायणलाल बने शिशु मंदिर के अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में नई प्रबंध कारिणी समिति का गठन हुआ है। समिति में अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल चुने गए है। उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन, सचिव अविनाश ब्राह्मणकर, सह सचिव प्रकाश गिरधर, कोषाध्यक्ष नीलम चोपड़ा, सदस्य केशवलाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनीलजैन, पदेन सदस्य प्रकाश यादव, संस्थान प्रतिनिधि रेवादास मानिकपुरी है।

### दुर्घटना रोकने लगाया रेडियम बोर्ड


**चिचोला।** झुरा नदी पुल के पास आए दिन होने वाली दुघटना को देखते हुए फोरलेन कंपनी द्वारा रेडियम बोर्ड लगाया जा रहा है। कुछ दिन पहले सुकर से भरा पिकअप डिवाइडर से टकराकर नदी में गिर गया था। इससे पहले पत्तागोभी से भरा ट्रक पलट गया था।

# कलेक्टर शर्मा की किसानों से अपील, कहा- पराली न जलाएं, पर्यावरण बचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे रबी फसलों की तैयारी के दौरान पराली जलाने से परहेज करें तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए वैकल्पिक उपायों को अपनाएँ। उन्होंने कहा कि बेमेतरा एक कृषि प्रधान जिला है, जहाँ जिले की 80 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या कृषि कार्य पर निर्भर है। खरीफ के कुल 2.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में से 2.05 लाख हेक्टेयर में धान की खेती की जाती है, वहीं 1.73 लाख हेक्टेयर में रबी फसलें ली जाती हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि खरीफ फसल की कटाई के बाद खेतों में बची हुई पराली को जलाने की परंपरा पर्यावरण, स्वास्थ्य और भूमि की उर्वरता के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध हो रही है। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे सांस, आंख और त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियाँ फैलती हैं। साथ ही, इससे मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अगली फसल की उत्पादकता प्रभावित होती है। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया कि वे पराली प्रबंधन के लिए निम्न वैकल्पिक उपायों को अपनाएँ जैसे पराली को खेत में दबानाः मिट्टी पलटने वाले हल से पराली को खेत में ही दबाकर खाद के रूप में उपयोग किया जा सकता है। डी-कंपोजर का प्रयोगः डी-कंपोजर का उपयोग कर पराली को सड़ाकर जैविक खाद में बदला जा सकता है। मशीनों का उपयोगः हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे उपकरण पराली को हटाकर बुवाई भी कर सकते हैं और उसे जमीन के नीचे दबा भी सकते हैं। अन्य उपयोगः पराली को गोशालाओं को दान किया जा सकता है या बायो-गैस संयंत्र एवं थर्मल प्लांट में उपयोग हेतु एग्रीगेटर्स को बेचा जा सकता है।

## रबी फसलों की तैयारी में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर



### सिटू व एक्स सीटू पद्धतियां अपनाएंः कलेक्टर

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा भी किसानों को "जलाने" की बजाय इन-सिटू (मिट्टी में मिला देना) एवं एक्स-सिटू (बाहर उपयोग करना) पद्धतियाँ अपनाने की अनुशंसा की गई है। इसके तहत किसान उपलब्ध मशीनरी व जैविक उत्पादों का उपयोग कर पराली का प्रभावी प्रबंधन कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा पराली प्रबंधन हेतु विभिन्न अनुदान योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। अतः किसान इन योजनाओं का लाभ उठाएँ और पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अंत में कहा आइए, हम सब मिलकर स्वच्छ हवा, उपजाऊ भूमि और स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाएँ। पराली न जलाएँ, पर्यावरण बचाएँ - किसान का मान बढ़ाएँ । उन्होंने बेमेतरा जिले के सभी किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कदम जिले के सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## स्पर्धा : शानदार राज्य स्तरीय प्रदर्शन से पाया राष्ट्रीय टीम में स्थान

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेलेंगे जेवरा विद्यालय के 40 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 8 खिलाड़ी प्रतीक्षा सूची में, अवसर मिलने पर करेंगे प्रतिनिधित्व

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 मे आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बिलासपुर, रायगढ़, कबीरधाम व राजनांदगांव मे सॉफ्टबॉल, बेसबाल, गतका खेल पर दुर्ग संभाग मे शामिल बेमेतरा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा स्कूल के खिलाड़ियों के शानदार पदकीय प्रदर्शन के आधार पर 40 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय टीम मे चयन जहां किया गया है वही 8 खिलाड़ियों का नाम प्रतीक्षा सूची मे रखा गया है, जिन्हें किसी कारणवश चयनित खिलाड़ियों अगर मौजूदगी नहीं होने पर अवसर मिला सकता है। विद्यालय के पीटीआई व कोच मृत्युंजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन खिलाड़ियों मे बेसबाल खेल के खिलाड़ी दिल्ली मे आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे 19 वर्ष आयु वर्ग मे सागर यदु, सोनू यादव, बालिका वर्ग मे चांदनी यदु, आसमीन सिन्हा, देविका यदु, हीना लहरे, 17 वर्ष आयु वर्ग मे जेवरा विद्यालय के राम यादव, अमित ध्रुव, खूबचंद पाटिल, 17 वर्ष बालिका वर्ग मे रागिनी ध्रुव, खिलेश्वरी, चैताली, 14 वर्ष आयु वर्ग मे जेवरा विद्यालय के दीपक, कार्तिक, नैतिक, बालिका वर्ग मे दिव्या सिंह, सुमन का चयन किया गया है। नागपुर मे आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु सॉफ्टबॉल खेल के 19 वर्ष आयु वर्ग मे भोली साहु, काजल साहु, तारनी यदु, तनु यादव बालक वर्ग मे मयंक निषाद, देव पाटिल, संदीप पटेल, लक्ष्य कांठले, शिकेश छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की प्रतियोगिता मे 17 वर्ष आयु वर्ग मे कोमल पाटिल, राजू निषाद, विशेष साहू बालिका वर्ग मे पल्ल्वी साहू, सरिता साहु, सुकृति निषाद, रेशमा साहु हहाग लेंगे। दिल्ली मे आयोजित प्रतियोगिता हेतु 14 वर्ष आयु वर्ग मे रोहन कुमार, रोशन कुमार बालिका वर्ग मे करीना पाटिल, मोनिका साहू, फुलेश्वरी चयनित हुए है।लुधियाना मे राष्ट्रीय शालेय गतका खेल के 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका मे कु डिलेश्वरी वही रायपुर मे होने वाली राष्ट्रिय गतका प्रतियोगिता 17 वर्ष मे कु प्रियंका का चयन हुआ है। इनके अतिरिक्त मयंक लहरे, कुसुम, नेहा साहु, प्रशांत सोनकेवरे, भूमिका निषाद, शेखर पाटिल, भूमिका, उमेद दास, आदि का चयन प्रतीक्षा सूची मे किया गया है।



### इन्होंने दी शुभकामनाएं

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ की टीम मे चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी जी आर चतुर्वेदी विकास खंड शिक्षाअधिकारी कामिनी महिलाँगे जेवरा स्कूल प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, महेन्द्र पाटिल सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, प्रधान पाठक विनोद कुमार चौहान, सी एस सी उद्धव साहु, ब्याख्याता नीता साहू, पुष्कर भोंसले, संतोष साहू, रश्मि अग्रवाल, दीपशिखा माने, शाहिना सिन्हा, योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, रौशनी गुप्ता, प्रमोद जानी, सुजाता पटेल, घनश्याम डनसेना, चिकेंद्र साहू, कविता शर्मा, सहायक कोच प्रिन्स सिंग, कमल यादव आदि ने शुभकामनायें दी है।

# बाल दिवस पर स्कूलों में लगा विधिक जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल दिवस 14 नवंबर जिला विधिक सेवा प्राधिकण ने बच्चो के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, बेमेतरा, शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा, शासकीय प्राथमिक शाला फरी, शासकीय प्राथमिक शाला भिनपुरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला बोड़, साजा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया ।

कार्यकम में अधिकार मित्रों के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों में बच्चों के रूचि अनुरूप खेल-कूल, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता छात्र-छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट दिया गया साथ ही अन्य छात्र-छात्रों को चॉकलेट, बिस्कीट का वितरण किया गया।

विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से बाल विवाह, निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीई) अधिनियम, 2009, बाल श्रम, पॉक्सो एक्ट, चाईल्ड ट्रैफिकिंग, गुड टच बेड टच एवं बाल विवाह से संबंधित विषय पर लघु फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखा कर बच्चों को जागरूक किया गया।

### ये रहे उपस्थित

उक्त कार्यक्रम में सभी स्कूलों के प्रधान पाठक, शिक्षक, शिक्षकाएं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के अधिकार मित्र टुवेन्द्र वर्मा, चेतन सिंह, पंकज घृतलहरे, पवन साहू, स्वाति कुंजाम, संजीव शर्मा, देवेन्द्र यादव, धरमु बारले, नागेश सिन्हा की उपस्थिति रही।

### बिहार की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

डोंगरगांव। बिहार चुनाव में एनडीए की शानदार जीत के बाद भाजपा ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। नगर के श्रीराम चौक पर भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुए जमकर नारेबाजी किया। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए सरकार को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाते हुए, इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी विकास परक नीति को दिया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को वोट देकर विकास पर मुहर लगाया है । एनडीए की सरकार ने बिहार में जंगल राज खत्म किया है । उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ अपना बहुमत दिया है, उसमें एनडीए सरकार खरा उतरेगी। जीत के जश्न में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन महेश्वरी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपड़ा, संतोष यादव, अंजू त्रिपाठी, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, राजा जैन, लल्ला यदु, मनोज हेमनानी, अरुण जैन,रमेश सोनी, योगेश पटेल सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# गुरुकुल स्कूल में बाल दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व आनंद उत्सव मेला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों का फैशन शो प्रतियोगिता व कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्सव आनंद मेला का नयनाभिराम आकर्षक व भव्य रूप में आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण शाला के प्राचार्य समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व अधिकांश संख्या में पालकगण एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। फैशन शो-प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मीनू अग्रवाल, आरती गुप्ता, प्रिया केशरवानी, अजली चंद्रवंशी, नीलम पारख, शिखा जैन तथा मेघा यादव ने निर्णायक के रूप में अपनी महती भूमिका निभाई तथा उत्सव फन फेयर के विशिष्ट अतिथि के रूप में दीप शर्मा तथा आकाश आहुजा सदस्य कैट, कवर्धा मंचासीन थे। अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजन वंदन के साथ हुआ। वहीं नन्हें-मुन्ने बच्चों ने विविध रंगारंग व आकर्षक परिधानों से सुसज्जित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विविध व्यंजनों से पंडाल सजाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन कर सभी को रसास्वादन कराकर स्वर्णिम इतिहास रचकर उत्कृष्ट ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत किया। फैशन शो प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुरंगी पोशाक धारण कर विविध किया कलापों के द्वारा दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम व सांत्वना पुरस्कार विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा उत्सव फन मेला में आकर्षक खेलों का भी आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहनीय की। समस्त विशिष्ट अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। शाला के प्राचार्य मनोज राय ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यालय प्रबंधन को बधाईयां देते हुए कहा की बच्चों के लिए फैशन शो प्रतियोगिताएं स्कूल में नर्सरी से 5वीं तक के लिए एक लोकप्रिय गतिविधि है।

# नवागढ़ न्यू गुरुकुल में धूमधाम से मना बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

न्यू गुरुकुल में शुक्रवार का दिन बच्चों के नाम रहा। परंपरा अनुसार इस वर्ष भी बाल दिवस यहां बेहद उत्साह, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों के साथ मनाया गया। पूरा परिसर बच्चों की खुशियों, खेलों और हंसी-ठिठोली से सराबोर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने से हुई। शिक्षकों ने बच्चों को 'चाचा नेहरू' के बाल प्रेम और उनके व्यक्तित्व के प्रेरणादायी प्रसंगों से अवगत कराया।

इसके बाद शिक्षकों ने अपने–अपने बचपन के अनुभव बच्चों के साथ साझा किए। मनोरम किस्सों के बीच उन्होंने समझाया कि बचपन ही जीवन का स्वर्णिम काल है, जहां व्यक्तित्व व चरित्र की नींव रखी जाती है।

**खेल-कूद नें बच्चों ने जमकर लिया हिस्साः** बच्चों में टॉफियां वितरित की गईं और फिर शुरू हुआ सबसे रोमांचक दौर—विविध खेल प्रतियोगिताओं का। रस्साकशी, दौड़, रिंग टॉस सहित कई मनोरंजक खेलों में बच्चे जमकर भिड़े। खास बात यह रही कि शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ खेलकर उत्सव का मज़ा दोगुना कर दिया। हर कक्षा में हुई प्रतियोगिताओं ने बाल दिवस को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में शाला के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना एवं प्रिंसिपल मनिंदर कौर खुराना ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान किया।




इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें जितेंद्र पाल, कामेश्वर रजक, पोषण जायसवाल, रुस्तम मुर्मू, भोजराज सोनी, राहुल साहू, प्रदीप वैष्णव, गंगाधर सिन्हा, नीलकंठ पटेल, दीक्षा गुप्ता, देविका घोष, निशा श्रीवास्तव, श्वेता चौबे, निहारिका साहू, अंजलि कुर्रे, अपराजिता सिंह, दीप्ति शर्मा, माया बंजारे, निशा साहू, दीपांजलि मुर्मू, जास्मीन कोशले, सुमित्रा बघेल, योगेश्वरी कुर्रे, हुलसी साहू, किरण देवांगन, तिलेश्वरी घृतलहरे, भारती साहू, मालविका सिंह, पूनम तिवारी, साधना कुशवाहा, आकांक्षा बंजारे, पूजा जांगड़े, पंकिशा मराठा, तृप्ति जायसवाल, सिद्धि चौहान, योगिता मनहरे, रेणु सोनवानी, रुकैया खान, संतोषी साहू, धनेश्वरी बंजारे, जानकी साहू, मनीषा घृतलाहरे, प्रमिला बंधे, मोनिका सिंह, ऋतु पाल, सानिया परवीन, कांति साहू, मौली मिश्रा एवं कामिनी साहू शामिल रहीं।

# सालों पहले करोड़ों की लागत से बना बस स्टैंड जीर्णशीर्ण, कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबागढ़ चौकी

डेढ दषक पहले एक करोड की लागत से बने नवीन बस स्टैंड की जिला प्रशसन एवं नगरीय निकाय ने सुध लेना शुरू कर दिया है। गुरूवार को बस स्टैंड स्थल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। मुआयना के बाद कलेक्टर ने जीर्णशीर्ण हो चुके बस स्टैंड के प्रतीक्षालय, काम्पलेक्स तथा अन्य स्ट्रक्चर को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने दोनों ओर सड़क बनाने का निर्देश दिया।

नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के अनुरोध पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति गुरूवार को नगर पहुंची। उन्होंने नवीन बस स्टैंड स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भुआर्य, तहसीलदार अरूनिमा टोप्पो, सीएमओ विजय पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान नगर अध्यक्ष ने बताया कि बस स्टैंड वर्ष 2004- 09 के बीच बना था। निर्माण के बाद यहां बस स्टैंड शुरू करने के लिए अधिकारिक प्रयास नही हुआ जिसके कारण बस स्टैन्ड के सभी स्ट्रक्चर खंडहर में बदल गए है। उन्होंने बताया कि निर्माण में एक करोड से अधिक खर्च किया गया। भारी भरकम राशि खर्च होने के बाद भी बस स्टैंड शुरू नही होने पर कलेक्टर ने आश्चर्य जताया। कलेक्टर ने बस स्टैंड के सभी स्ट्रक्चर को ठीक कराने का निर्देश दिया। सडक निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने कहा।



## पेज 3 के शेष

### मुख्यमंत्री साय ने किया ..

देव साय ने 140 फीट ऊँचे बम्बू टावर पर तिरंगा फहराते हुए कहा कि यह संरचना केवल बाँस का निर्माण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की परंपरा, कौशल, नवाचार और व्यापक संभावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने बाँस का पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा बाँस आधारित कृषि के प्रसार की अपील की। मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल पर स्थापित बाँस उत्पाद निर्माण इकाइयों, फैक्ट्रियों और प्रोसेसिंग केंद्रों का अवलोकन किया तथा ग्रामीणों और कारीगरों से संवाद कर उनकी आजीविका के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसएसपी रामकृष्ण साहू, रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिलाध्यक्ष अजय साहू, महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री पाशा पटेल, पूर्व विधायक अवधेश पटेल, राजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान, सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाँस-कम पानी में अधिक...

संरक्षण के साथ बड़े पैमाने पर स्थानीय रोजगार भी उत्पन्न करती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे बाँस की खेती की ओर अग्रसर हों, जिससे उनकी आय बढ़ेगी और बेमेतरा का ग्रामीण तंत्र और अधिक मजबूत होगा।

### दपुलिस दबिश में 8 ...

सउनि छोटे लाल बंजारे, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र तिवारी, लोकेश सिंह, आरक्षक नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, जयकिशन साहू, रेखन साहू, संतोष धिवर, पीलाराम साहू, विनोद सिंह राजपूत तथा चौकी देवकर के मोहित देवांगन, सनत बघेल, मनीष वर्मा और भूषण मार्कण्डेय की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### अस्थायी नाके पर ...

और पल्सर बाइक की कुल कीमत करीब 56 हजार रुपये आंकी गई है। मौके पर ही छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया। **तस्करों के खिलाफ लगातार हो रही है कार्रवाईः** यह कार्रवाई विभाग द्वारा हाल ही में चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। पिछले एक सप्ताह में ही टीम ने तस्करों के खिलाफ लगातार सफल कार्रवाई की है। 13 नवंबर को खमतराई क्षेत्र में छद्म क्रय कर बरतू यादव से 25 पाव मसाला मदिरा बरामद की गई थी। इससे पहले 8 नवंबर को कुसमी गांव में सतीश साहू के कब्जे से 55 पाव यानी 9.9 लीटर मसाला मदिरा जब्त की गई थी। इन कार्रवाइयों को मिलाकर अब तक कुल 25.2 लीटर अवैध मदिरा और एक पल्सर बाइक जप्त की जा चुकी है। अभियान के दौरान उप निरीक्षक निवेदिता मिश्रा, आरक्षक महेंद्र नाग और आबकारी स्टाफ की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी रख रही है। टीम का कहना है कि गाँव–गाँव में अवैध शराब की आपूर्ति रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



4 एफएलएन मेले में हिंदी, गणित और अंग्रेजी की अवधारणा ...





2 राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेलेंगे ...




## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी के चार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चलाकर भिलाई नगर पुलिस ने गांजा समेत युवको को पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तालाब गार्डन रूआबंधा और कुम्हारी में महामाया रोड कुम्हारी के पास अलग-अलग चार युवकों द्वारा गांजा बेचा जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर रुआबंधा भिलाई नगर निवासी कमलेश साहू उर्फ गणपत ,हिमांशु ठाकुर ,रामनगर कुम्हारी वीर दीवार ,नंदनी देवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 5 किलो 540 ग्राम गांजा व नगदी रकम 11 हजार 600 जब्त किया गया है।

### घर के सामने से बोलेरो की वाहन हुई चोरी

**भिलाई।** बोलेरों पिकअप वाहन को अज्ञात ने पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि फिरोज खान ने शिकायत किया है कि वह सब्जी बेचने का काम करता है। 11 नवम्बर को बोलेरो पीकअप लोडिंग वाहन सीजी 07 सीए 9082 को अपने घर के पास रात को खड़ा किया था। सब्जी ठेला को बोलेरो वाहन के पीछे जंजीर से बांधा था। अज्ञात ने बोलेरो वाहन जहां खडा था सुबह गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर भी वाहन नहीं मिला। वाहन की कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है।

### सुपेला के मंदिर से चांदी का मुकुट हुआ चोरी

**भिलाई।** मंदिर से चांदी का मुकुट पार होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक कृष्णा नगर स्थित दुर्गा मंदिर में रात को अज्ञात ने चांदी का मुकुट पार कर दिया है। घटना की जानकारी भक्तगण सुबह पूजा करने पहुंचे तब भगवान के सिर पर मुकुट गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी नही मिल पाई है। आसपास में सीसी कैमरे में अज्ञात का फुटेज मिला है। जिसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। गौरतलब हो कि ठंड के दौरान हर साल मंदिर में चोरी की वारदात होती है। जिसे लेकर पुलिस भी खासी परेशान रहती है।

### स्मृति नगर चौकी के बाहर युवकों की लात घूंसों से पिटाई

**भिलाई।** घूरने को लेकर छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक शंकराचार्य विश्वविद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान मंच के पास जमकर बहस हुई। बहस इतना बढ़ गया कि कुछ देर बाद दोनों पक्षों के छात्र आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते यह बहस हाथापाई में बदल गई और छात्रों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाना शुरू कर दिया। विश्वविद्यालय प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत बीच-बचाव कर छात्रों को अलग किया।

# निकायों पर हर दो माह में कराएं सामान्य सभा, राज्य सरकार ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकायों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों, अध्यक्ष, सभापति वगैरह अपने निकायों में ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं। दरअसल निकायों के लिए नियम है कि इन्हें हर दो महीने में एक बार सामान्य सभा की बैठक करवानी है, लेकिन सरकार को सख्त तौर पर कहना पड़ रहा है कि इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा होता है कि आखिर क्यों निकायों के चुने हुए पदाधिकारी सामान्य सभा करवाने से बच रहे हैं। इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के संचालक ने राज्य के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के लिए पत्र जारी किया है। संचालक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम में यह स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि कामकाज के लिए प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार निगम, परिषद, सम्मिलन (सामान्य सभा) करेगी, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि अधिकांश निकाय इस प्रावधान का पालन नहीं कर रहे हैं। निर्धारित समयावधि में सामान्य सभा नहीं होने से अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय के अभाव में योजनाओं का क्रियान्वयन करने में अनावश्यक विलंब होता है।

### यह है मामला

सामान्य सभा की बैठकें नियम से न कराने का मसला दरअसल इसलिए सामने आया है, क्योंकि राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने खुद इस बात को पकड़ा है कि सामान्य सभा कराने के मामले में नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में अब संचालक ने सभी आयुक्तों, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समयावधि के भीतर सामान्य समा की बैठक करवाना सुनिश्चित करें ।




### सवालों का सामना करने से बच रहे जिम्मेदार

राज्य के नगरीय निकायों में सामान्य सभा के दौरान पक्ष विपक्ष के पार्षद अपनी बातें, समस्याएं और क्षेत्र से जुड़ी शिकायतें रखते हैं। अब निकायों में विधानसभा की तरह लिखित में सवाल लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। सामान्य सभा में सवाल उठाने से मामले, विषय सामने आते हैं. निगम के चुने हुए प्रतिनिधियों को जवाब देना होता है. आश्वासन देना होता और समस्याओं की सुनवाई करनी होती है। यह इनका जिम्मा भी है. लेकिन देखने में आ रहा है कि चुने हुए प्रतिनिधि ही जनसमस्याओं को दरकिनार कर सामान्य सभा से बचने की कोशिश करते है।

## बेमेतरा में छत्तीसगढ़ बाँस तीर्थ संकल्पना समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न

# मुख्यमंत्री साय ने किया ध्वजारोहण, दिया विकास और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में आज एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ बांस तीर्थ संकल्पना सम्मलेन कार्यक्रम के तहत भारत का सबसे बड़ा और 140 फीट ऊँचा बम्बू टावर समर्पित "छत्तीसगढ़ बाँस तीर्थ संकल्पना समारोह" का भव्य आयोजन हुआ। यह आयोजन न केवल बेमेतरा बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय बना। इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा कैबिनेट मंत्री श्री दयालदास बघेल की विशेष उपस्थिति ▶▶| शेष पेज 02 पर

### यह टावर हमारे कौशल कारीगरी और सामर्थ्य का अद्वितीय प्रतीकः सीएम

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज विकास, नवाचार और संरचनात्मक प्रगति के नए आयाम रच रहा है। विश्व का सबसे ऊँचा बैंबू टावर बनाकर राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यह टावर हमारे राज्य के कौशल, कारीगरी और सामर्थ्य का अद्वितीय प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बाँस आधारित उद्योग- ग्रामीण अर्थव्यवस्था, हस्तशिल्प, एग्रो-इंडस्ट्री और आधुनिक निर्माण तकनीक-इन सभी क्षेत्रों में अपार संभावनाएँ पैदा कर रहे हैं। सरकार किसानों, कारीगरों और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की योजनाएँ लागू कर रही है।



### बाँस-कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसलः डिप्टी सीएम साव

अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते जलवायु और जलसंकट की स्थिति में बाँस की खेती किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने बताया जैसे कि बाँस कम पानी में तेजी से बढ़ता है। मिट्टी कटाव रोकता है और हरियाली बढ़ाता है। जल संतुलन बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिला पिछले वर्षों में पानी की कमी से जूझता रहा है, ऐसे में पारंपरिक फसलों के साथ बाँस को अपनाकर किसान अपनी आय को दोगुना तक बढ़ा सकते हैं। बाँस आधारित उद्योग युवाओं के लिए व्यापक रोजगार अवसरों का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

**बाँस-जल संरक्षण और ग्रामीण आय दोनों का समाधानः कैबिनेट मंत्री बघेल**
कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान बाँस आधारित उद्योगों और कुटीर इकाइयों का पूरा अवलोकन किया गया, जिसमें यह पाया गया कि बाँस की खेती और उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो सकते हैं, उन्होंने कहा कि बेमेतरा जिले में जलसंकट एक बड़ी चुनौती है, ऐसे में धान के विकल्प के रूप में बाँस की खेती अपनाना किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक होगा। कम पानी में होने वाली यह फसल जल ▶▶| शेष पेज 02 पर

# पुलिस दबिश में 8 जुआरी गिरफ्तार 49 हजार और तीन बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देवकर क्षेत्र में जुए पर लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। दो दिनों के भीतर लगातार हुई कार्रवाई यह संकेत दे रही है कि यह इलाका जुआरियों का स्थायी अड्डा बनता जा रहा था, जिसे पुलिस ने समय रहते पहचानकर दबिशें तेज कर दी हैं।

- दो लाख की सामग्री और ताश-पत्तियों के साथ बड़ी कार्रवाई, पुलिस का अलर्ट जारी

12 नवंबर को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और देवकर चौकी प्रभारी सउनि उदल राम टांडेकर को जानकारी मिली कि ग्राम परपोड़ा भैंसाखार के पास खुले में काट–पत्ती का जुआ खेला जा रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देख कुछ लोग अंधेरे और खेतों की ओर भाग निकले, लेकिन आठ जुआरी मौके पर ही गिरफ्तार कर लिए गए।

**दो लाख का सामान हुआ बरामदः** जगह से ताश-पत्तों के फड़ सहित बड़ी मात्रा में सामग्री मिली, जिसमें 49 हजार 300 रुपये की नगदी, 52 पत्ती ताश, विभिन्न कंपनियों के सात स्मार्टफोन और तीन मोटरसाइकिलें शामिल हैं। जप्त सामान की कुल कीमत लगभग दो लाख नौ हजार रुपये आंकी गई है। जप्त सामग्री यह स्पष्ट संकेत देती है कि यहां लंबे समय से बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा था।

गिरफ्तार आरोपियों में रायपुर निवासी प्यारे लाल, परपोड़ा निवासी अक्षय वर्मा, बिरेन्द्र वर्मा, भैंसामुड़ा निवासी मन्नु साहू और लक्ष्मण साहू, देवरबीजा निवासी रमेश साहू, कोदवा निवासी रामू निर्मलकर एवं एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(1) और 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### इनकी रही अहम भूमिका

कार्रवाई के दौरान एसडीओपी विनय कुमार के निर्देशन में साइबर सेल और चौकी देवकर की संयुक्त टीम ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। इस सफल ऑपरेशन में निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी उदल राम टांडेकर ▶▶| शेष पेज 02 पर

# अस्थायी नाके पर आबकारी की दबिश गिरफ्त में दो युवक, 60 पाव मसाला मदिरा किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला आबकारी विभाग ने शुक्रवार दोपहर अवैध शराब कारोबारियों पर एक और बड़ी चोट की है। लगातार सक्रिय तस्करों पर नजर रखते हुए टीम ने मुखबिर की सूचना पर गोड़गोड़ी–खमतराई मार्ग में अचानक अस्थायी नाका लगाया। कुछ ही देर में काले रंग की तेज रफ्तार बजाज पल्सर उस रास्ते से गुजरती दिखी। टीम ने बाइक को रोककर जब तलाशी शुरू की, तो प्लास्टिक बोरी से देशी मसाला मदिरा की भारी खेप बरामद हुई।

तलाशी में 60 पाव मसाला मदिरा यानी कुल 10.8 लीटर अवैध शराब मिली। बाइक पर सवार दोनों युवक इसे दुर्ग से बेमेतरा के गांवों में सप्लाई करने निकलने की बात कबूल चुके हैं। दोनों युवक लंबे समय से छोटे-छोटे खेपों में शराब पहुंचाने का काम कर रहे थे, लेकिन इस बार आबकारी टीम की सटीक कार्रवाई के कारण इनकी योजना नाकाम हो गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश खूंटे (24) निवासी मुरमुंडा, नंदिनी (दुर्ग) तथा प्रवीन देशलहरे (22) निवासी नराधा, जामुल (बेमेतरा) के रूप में हुई है। जब्त मदिरा ▶▶| शेष पेज 02 पर



# समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल समाप्त, धान खरीदी आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने अपना आंदोलन समाप्त कर कार्य पर वापस लौटेंगे।

धान खरीदी को लेकर अनिश्चितता अब खत्म हो गई और आज से खरीदी चालू होगी सहकारी समिति कर्मचारी की हड़ताल समाप्ति से किसानों के अंदर रहे संशय से राहत मिलेगी। गौरतलब हो कि सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने शुक्रवार शाम 07:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय बेमेतरा में आयोजित बैठक के पश्चात अपनी हड़ताल समाप्त करने की औपचारिक घोषणा कर दी। इस बैठक में एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, प्रभारी अधिकारी खाद्य विभाग, खाद्य अधिकारी, डीएमओ (मार्कफेड), नोडल अधिकारी – जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, तथा सहायक आयुक्त, सहकारी संस्थाएं उपस्थित रहे। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि सभी समिति प्रबंधक, प्रभारी समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सर्वसम्मति से विचार-विमर्श कर निर्णय लिया है कि आज की तारीख से हड़ताल को समाप्त किया जाता है।

### 15 नवंबर से धान उपार्जन कार्य में जुड़ेंगे कर्मचारी

संघ ने यह स्पष्ट किया कि आज 15 नवंबर से जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य प्रारंभ हो रहा है और सभी कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं अनुशासन के साथ करेंगे। कर्मचारियों ने प्रशासन के समक्ष आश्वासन व्यक्त किया कि उपार्जन प्रक्रिया को सफल और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में वे अपना पूरा सहयोग देंगे, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। **सहयोग से समाधान, जिले में राहत का माहौलः** हड़ताल समाप्त होने से जिले में धान उपार्जन व्यवस्था पुनः पटरी पर लौट आई है। इससे किसानों, प्रशासन एवं सहकारी समितियों-सभी को राहत मिली है।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी को दी हार्दिक बधाई

# बिहार चुनाव की जीत पर बेमेतरा में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बिहार चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत के पश्चात उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। इसी क्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी को लड्डू खिलाकर हार्दिक बधाई दी और इस विजय को राष्ट्रवाद, सुशासन तथा विकास के प्रति जनता के दृढ़ समर्थन की जीत बताया।

- महिला मोर्चा सशक्तिकरण और जनसेवा के संकल्प के साथ बढ़ेगा आगे

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्र-निर्माण और सेवा-भाव के संकल्प पर अपना विश्वास दोहराया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम केवल चुनावी विजय नहीं बल्कि महिलाओं, युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विभा अवस्थी ने यह भी कहा कि महिला मोर्चा आने वाले दिनों में संगठन को और अधिक मजबूत करेगा तथा जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की योजनाएँ और लाभ पहुँचाने का कार्य तेज किया जाएगा।





### सकारात्मक और निर्णायक परिवर्तन का प्रतीक है ये जीतः प्रज्ञा निर्वाणी

पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि बिहार की यह ऐतिहासिक विजय देश के राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मक और निर्णायक परिवर्तन का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला मोर्चा ने बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य किया है, मोदी जी राष्ट्रीय नेतृत्व और विकास की धारा इस जीत का वास्तविक आधार है। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता आने वाले समय में और सशक्त रूप में सामने आएगी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी बिहार की इस अभूतपूर्व जीत पर हर्ष व्यक्त किया और एक-दूसरे को बधाई दी। पूरे आयोजन में उत्साह, उमंग और जीत के प्रति गर्व का वातावरण बना रहा।




**खबर संक्षेप**



## हसदा में 'पहल' ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

**बेमेतरा।** बेरला ब्लॉक के ग्राम हसदा में पहल सामाजिक संस्था ने सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 55 बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को कंबल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तहसील क्षेत्र भिंभौरी नगर से संचालित पहल सामाजिक संस्था के द्वारा विगत वर्षों से अलग अलग गाँवों में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। संस्था के द्वारा यह चौबीसवां गाँव था जहाँ ये आयोजन किया गया। कंबल वितरण के साथ साथ सुग्घर साहित्य समिति बेरला के कवियों के द्वारा कविता पाठ भी किया गया। ठंड के दिनों में कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान दिखी, वंही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेखा पोषण सिन्हा ने पहल संस्था के अनुकरणीय पहत की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन ओज कवि कमलेश वर्मा एवं माँ भद्रकाली मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्या रेखा पोषण सिन्हा, व्याख्याकार हरिश्चन्द्र वर्मा, समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीपा, विक्की साहू, शुभम साहू, मनीदास मानिकपुरी, दीपक निषाद, संजय निषाद, रवि वर्मा, भारत साहू, सोमेश पाटिल, दीपांशु टिकरिहा एवं ग्राम हसदा से दुर्गेश वर्मा, पोषण सिन्हा, गुहाराम साहू गोवर्धन साहू राजेश यादव, काशीराम धीवर, तुलाराम पाल पलटू निर्मलकर पंच, रवि सिन्हा व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। अतिथियों ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे परोपकार एवं सेवा भावना से परिपूर्ण बताया और समिति का उत्साहवर्धन किया।

## आकाशगंगा सब्जी मंडी में रेजा के साथ गाली गलौज और मारपीट



**भिलाई।** रेजा के साथ गाली गलौज मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि संजय नगर निवासी उदासा साहू आकाश गंगा सब्जी मंडी में सब्जी ढोने का काम करती है। गुरुवार की सुबह मंडी गई हुई थी, सब्जी विक्रेता संजू साव ने महिला का पुराना बचा रकम की मांग की। लेकिन संजू साव उसे गाली गलौज कर बाल खिंचकर जमीन में गिराकर जमकर मारपीट किया है। घटना में महिला के सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। घटना की खबर लगने पर मंडी में काम करने वाली सभी रेजा महिलाएं पहुंची और संजू साव की गिरफ्तारी करने की मांग करने लगी। महिलाओं का आरोप था कि मंडी में रेजा काम करने वाले के साथ गाली गलौज हमेशा किया जाता है। जिसे लेकर महिला रेजाओं में जमकर आक्रोश है। शिकायत दर्ज होने के बाद संजू साव फरार हो गया है।

**आयोजन : डीहपारा बासीन में बाल दिवस उत्सव में बच्चों ने दिखाया जोश और निपुणता**

# एफएलएन मेले में हिंदी, गणित और अंग्रेजी की अवधारणा को बच्चों ने खेल-खेल में सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन, संकुल केन्द्र मोहगाँव, विकासखंड साजा में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। शाला के प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बच्चों को जानकारी देते बताया कि नेहरू जी बच्चों से बेहद प्यार करते थे। बच्चों को देश का भविष्य मानते और कहते थे अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन के बीच भी वे बच्चों के लिए समय निकाल लेते थे।

उनकी जेब मे हमेशा बच्चों के लिए कुछ न कुछ उपहार होता था। इस अवसर शाला में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला मोहगांव मौहाभाठा, भोजेपारा, बासीन व डीहपारा बासीन स्कूल के बच्चे व शिक्षक शामिल हुए। मेला में छह काउंटर के माध्यम से दस अवधारणाओं पर हिंदी गणित अंग्रेजी विषयों के अवधारणाओं को बच्चे स्वयं करके सीखे करके देखबो सीख के रहिबो बच्चों के सिखने सिखाने के उद्देश्य से विभिन्न अवधारणाओं को बच्चे आसानी से सीखे

इस मेला में कक्षा बालवाडी से पांचवी तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रुप से महेंद्र सिंह राजपूत संकुल समन्वयक माखन लाल वर्मा, प्रधान पाठकों में गोपी चरण साहू, डोगेन्द्र कुंजाम, भीषम साहू, सुनील राजपूत, अंजू देवांगन, सीमा रानी देवांगन लक्ष्मी साहू उमा सेंगर कमलनारायण मिश्रा सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण व पालकगण रसोइया सफाई कर्मचारी बच्चे उपस्थित रहे।



## चित्रकला, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने सीखा जनजातीय विरासत



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला राखी विकासखंड साजा में जनजातीय गौरव पखवाड़ा में विविध आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बिरसा मुंडा के जीवन गाथा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रधान पाठक गायत्री जोगी द्वारा दी गई। उन्होंने सच्चों को बताया कि बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी नेता, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। जिन्हें उनके 'उलगुलान' (विद्रोह) और ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई के लिए जाना जाता है। उन्हें 'धरती आबा' (पृथ्वी के पिता) के नाम से भी जाना जाता है और वह आदिवासी भूमि अधिकारों, सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक सुधारों के लिए संघर्ष करने वाले एक प्रेरणादायक व्यक्ति थे। साथ ही उनकी लघु फिल्म बच्चों को दिखाई गई। साथ ही बच्चों द्वारा जनजातीय कलाकृतियां नृत्य आदि को अंकित करते हुए चित्रकला बनाई गई। साथ ही नन्हें बच्चों द्वारा जनजातीय परंपरा पर आधारित मनमोहक नृत्य की प्रस्तुती दी गई। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख गायत्री जोगी, दीपा म्रिचंदे, शिक्षिकाओं सरोज साहू, नीलम देवांगन, देवलता साहू, प्रतीक्षा दुबे, किरण कुंजाम, गुलापा वर्मा आदि की सहभागिता रही।



## रानो स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवाचारी एवं ज्ञानदीप पुरस्कार से अलंकृत शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों का ग़ुलाल लगाकर एवं केक कटवाकर स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही नवंबर माह के बच्चों का भी जन्मदिन मनाया गया। प्राचार्य द्वारिकाराम वर्मा ने बाल दिवस के मनाने के उद्देश्य एवं इतिहास को स्पष्ट किया। प्रधान पाठक किशुन राम साहू ने बच्चों को बधाई दी तथा पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला।

शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने संक्षेप में बाल दिवस पर बच्चों को बधाई देते हुए शुभकामनायें प्रेषित की। भूमिका एवं गीतांजली ने अपने लेख प्रस्तुत किए। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने कहा कि ये सिर्फ़ एक आयोजन नहीं है बल्कि हमें अपनी शिक्षा एवं जीवन के सम्बन्ध में भी हमें बहुत कुछ सिखाता है। शिक्षिका ने अपने पिता की स्मृति में केसर वर्मा, देवपीका साहू एवं नीलेश वर्मा की बारहवीं तक की शिक्षा की जवाबदारी ली है। अतः इन बच्चों को विशेष उपहार में नव वस्त्र प्रदान किए गए। सभी के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक विभाग की बाल संसद की प्रधानमंत्री डिम्पल वर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका प्रतीक जैन ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

■ नेहरू जी के आदर्शों को याद करते हुए शिक्षकों और बच्चों ने मनाया जन्मदिन



## सिंघौरी स्कूल में बाल दिवस पर हुआ आंनद मेला का आयोजन

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला एंव हाई स्कूल(सेजेस हिंदी) सिंघौरी द्वारा बाल दिवस के अवसर पर आंनद मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर एंव शाला परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ और साल एंव श्रीफल द्वारा सम्माननीय अतिथियों का स्वागत किया गया।

मिडिल स्कूल के बच्चो द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से मंचस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात रामगोपाल चंद्राकर प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण एंव शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई। फिर भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनजातीय(आदिवासी) पखवाड़ा के विषयान्तर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। हम तो आदिवासी आन, बस्तरिया मोर सँगवरी, बस्तर मोचो जैसे गीतों ने समां बाँध दिया। साथ ही साथ स्कूली बच्चों रँगोली एंव चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आनंद मेला में बच्चों ने भजिया, बड़ा, पूड़ी-सब्जी, चाउमीन, पास्ता, फिंगरचिप्स, अंकुरित चना, भेज एंव गुपचुप जैसे दुकानों का इंस्टॉल लगाकर व्यवसायिक ज्ञान क्रय-विक्रय, लाभ हानि जैसे अवधारणा को सीखे। प्राथमिक विभाग से शिक्षिका किरण खरे द्वारा एफएलएन (आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता) की रोचकपूर्ण प्रदर्शन किया गया। अतिथियों द्वारा सभी इंस्टॉल में जाकर बच्चो से प्रश्नोत्तरी किये एंव व्यंजनों का स्वाद भी लिए। मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक द्वारा आनंद मेला के उद्देश्य एंव इनके फायदे पर विचार प्रकट किया गया।

■ मेले में एफएलएन इंस्टॉल रहा आकर्षण का मुख्य केंद्र

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय सिन्हा अध्यक्ष, नपा बेमेतरा विशिष्ट अतिथि के रूप में दोह.ई वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेमेतरा, निखिल साहू (पार्षद), नीतू कोठारी(पार्षद), विकास तंबोली(पार्षद), एंव हर्षवर्धन तिवारी साथ ही साथ शिक्षा विभाग से खेमराज साहू एपीसी एंव सविता शर्मा एंव लक्ष्मी वर्मा महिला बाल विकास सखी वन सेंटर बेमेतरा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टीडी मानिकपुरी अध्यक्ष एसएमडीसी एंव नारद साहू अध्यक्ष एसएमसी, पोषण वर्मा, गजाधर, गिरवर साहू का योगदान रहा। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से सरस्वती साहू, शशिकला यादव, धनी राम बंजारे संकुल समन्वयक, प्रतिभा, सरिता बंजारे, राजेश गायकवाड़, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, साजन वर्मा, पूनम कुमार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक नुतेश्वर चंद्राकर द्वारा किया गया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में हर्षोल्लास से मना बाल दिवस फन फेयर 2025



**बेमेतरा।** बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी इंग्लिश माध्यम स्कूल में बाल दिवस फन फेयर 2025 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चला, जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने "मज़े के साथ सीखें – खोजें, कल्पना करें, आगे बढ़ें" विषय पर आधारित विभिन्न रचनात्मक और शिक्षाप्रद गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय में एफ.एल.एन. मेला (प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्यात्मकता मेला) भी आयोजित किया गया। इसमें प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों ने भाषा और गणना कौशल पर आधारित अनेक रोचक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। यह मेला बच्चों की बुनियादी भाषा क्षमता और गणनात्मक योग्यता को आनंदमय तरीके से प्रस्तुत करने हेतु आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान दीप प्रज्वलन और बाल दिवस प्रतिज्ञा के साथ की गई। इसके बाद विभिन्न शिक्षण स्टॉल, खेल गतिविधियाँ, एफ.एल.एन. प्रदर्शन, रचनात्मक कार्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत हुई।

### तंबाकू को ना कहें नाटक से दिया प्रेरक संदेश

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित प्रतिनिधिगण मौजूद रहे । अभिभावकों तथा बच्चों में कार्यक्रम को लेकर अत्यधिक उत्साह देखा गया। मंचित कार्यक्रमों में "तंबाकू को ना कहें" विषय पर आधारित प्रेरक नाटक तथा पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए प्रस्तुत लोकनृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक एस. पी. कोशले ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, विद्यालय की पहल और आयोजनों की सराहना करते हुए बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## खपरी धोबी में एफएलएन मेला बच्चों ने खेल-खेल में सीखी भाषा



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा में एफएलएन मेला रखा गया। जिसमें सभी विषयों पर सीखने की उद्देश्य से टीएलएम शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बनाया गया, मेला में अंदर आने से पहले कुछ नियमावली का पालन करना होता था। जैसे नाम पंजीयन कराना फिर लगे शैक्षणिक स्टाल में पहुंच कर निर्देशों का पालन कर उसे हल करने का प्रयास करना, अगर बच्चा स्वंय से निर्देश के अनुरूप बना लिया तो रजिस्टर में कालम था स्वयं से किसी का मदद लेने पर कालम था। सहयोग से, जिसमे बच्चे बहुत ही खुश होकर एफएलएन मेला का आनंद लिया। बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आये जो सभी विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण, के लगे स्टाल देखकर खुश हुऐ और पालक स्वयं सीखने के उद्धेश्य से निर्देश पढ़कर करने का प्रयास किया, खुब आनंद लिये। प्रधान पाठक धनेश रजक के मार्गदर्शन मे तैयार किये, टीएलएम का सराहना सभी पालको ने किया,और कहा कि हम सभी पालक आज तक चन मुर्रा जलेबी कपड़ा जुता ढेलवा खिलौना वाला मेला देखा करते थे,पर यह मेला तो बहुत ही मजेदार है जिसमे बच्चे आनंद भी ले रहे है,और ज्ञान की बाते भी सीख रहे हैं। एफएलएन मेला का उद्धेश्य बच्चों मे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक के तहत बच्चों की सीखने की नींव को मजबूत करना जिससे वे खेल खेल में भाषा गणित के बुनियादी कौशल सीखते हैं।यह मेला माता पिता को बच्चों की विकास की प्रगति को दिखाने और उन्हें घर पर बच्चों की शिक्षा मे सक्रिय रूप शामिल करने के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है।

**ये रहे उपस्थितः** एफएलएन मेला के प्रभारी सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम रहे और सहयोग के रूप मे स्वयं सेवी शिक्षिका गुनिता यामिनी निर्मलकर रही। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप, स्वयं सेवी शिक्षिका गुनिता यामिनी निर्मलकर, सरपंच गिरधारी निर्मलकर,पालक शेष नारायण निर्मलकर व सभी पालक व बच्चे उपस्थित रहे।

## डीएवी स्कूल जांता में बाल दिवस पर उमंग और उल्लास का माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में बाल दिवस पर उत्साह और उल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम तथा बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने चाचा नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बच्चों के प्रति प्रेम एवं स्नेह की भावना को याद किया।

कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग से अतिथि के तौर पर राखी यादव (सखी वन स्टॉप सेंटर), सेवंतिका साहू( जेंडर विशेषज्ञ), तमन्ना जी (जेंडर विशेषज्ञ), रामेश्वरी साहू (सह–सलाहकार), प्रमोद वर्मा जनपद सदस्य, पूजा देवव्रत मिश्रा( सरपंच )जांता, व पालकगण रहे इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बाल दिवस को विशेष बनाने के लिए अंडर 14 बालिका कबड्डी में राष्ट्रीय लेवल के लिए चयनित बच्चों को अतिथियों के हाथों सम्मान प्रदान करते हुए मेडल प्रदान किया गया।

**स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल तथा हस्तकला की प्रदर्शनी :** इसके बाद विद्यालय परिसर में बाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेल, झूले, स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल तथा हस्तकला प्रदर्शनी लगाई गई। शिक्षकों और बच्चों के बीच में क्रिकेट का प्रतियोगिता रखा गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ खेल और मेले का आनंद लिया। विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें सदैव उत्साह और निष्ठा से आगे बढ़ना चाहिए।" कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

**बच्चों ने हर्ष और उल्लास के साथ लिया भाग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण अभियान को बढ़ावा**

# शासकीय प्राथमिक शाला आंदू में एफएलएन मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला आंदू में एफ एल एन मेला का आयोजन किया गया जिसमें बालवाड़ी के बच्चों सहित प्राथमिक शाला के बच्चों ने बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ भाग लिया ज्ञात हो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण अभियान चलाया जा रहा है जिसका लक्ष्य बच्चों में पढ़ने लिखने और गणना करने की बुनियादी क्षमता विकसित की जा सके तथा इसके लिए वर्ष 2026 -27 तक हर बच्चा कक्षा 3 तक बुनियादी कौशल हासिल कर सके जिसमें साक्षरता एवं संख्यात्मकता प्राप्त कर सके का लक्ष्य रखा गया है।



बुनियादी साक्षरता में ध्वनि जागरूकता तथा डिकोडिंग लेखन पठान एवं मौखिक भाषा का विकास शामिल है इस मेले के माध्यम से बच्चे करके देखबो सीख के रहिबो थीम पर इस मेले का आयोजन रखा गया है इस दौरान मेले के माध्यम से बच्चे आधारभूत भाषा शिक्षण में वर्ण ज्ञान शब्द ज्ञान वाक्य पहचान सहित भाषाई निपुणता को प्राप्त कर सकें वहीं संख्या ज्ञान तथा संख्या की संक्रियाओं को समझ सके एवं संक्रियाओं को पूर्ण कर सके इस उद्देश्य से मिले का संचालन भी बच्चों के द्वारा ही किया जा रहा है शिक्षक मात्र व्यवस्थापक की भूमिका में ही नजर आए ज्ञात हो कि आज भी देश में 5 करोड़ से अधिक बच्चे अब तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से वंचित है।

### सदा सीखने व बेहत जीवन की नींव होते हैं बुनियादी कौशल

मजबूत बुनियादी कौशल सभी प्रकार के सीखने एवं बेहतर जीवन की नींव रखते हैं इन कौशलों में महारत आगे की कक्षा में अकादमी को उपलब्धियां के लिए आवश्यक है बच्चों के मस्तिष्क का लगभग 85% विकास 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है शिक्षा में समान अवसर और क्षमता विकास को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि समय पर बच्चों को बुनियादी कौशल प्राप्त हो सके इसे ध्यान में रखते हुए शासन ने एफएलएन की शुरुआत की है।

### मेले में बच्चों ने लगाए कई स्टॉल

इस मेले में बच्चों के द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए तथा सभी स्टालों में अलग-अलग अवधारणा रखी गई थी सीखने वाले बच्चे स्लॉट में जाकर गतिविधियां करते हैं अभ्यास करते हैं और वही इनका आकलन भी होता है इसके बाद अगले स्टॉल पर जाकर नई गतिविधियों में बच्चे भाग लेते हैं गतिविधियों के सीखने के साथ-साथ मूल्यांकन और समस्या समाधान दोनों पूरे होते हैं शासकीय प्राथमिक शाला आंसू में एफ एल एन मेले के आयोजन में मुख्य रूप से शिक्षक आशीष वर्मा, प्रधान पाठक मुकेश भुआर्य शिक्षक वीरेंद्र बंछोर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

